Regarding upgrading of Sawai Man Singh Government Hospital to AIIMS

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : सभापति महोदया जी, सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का धन्यवाद करती हूं । मैं राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर शहर से आती हूं । मैं वहां की जनता का बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद करना चाहती हूं ।

माननीय महोदया सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर शहर में स्थापित सवाई मानसिंह राजकीय चिकित्सालय वर्ष 1934 से संचालित है । यह काफी विस्तार में फैला हुआ है । इससे 11-12 राजकीय चिकित्सालय संबद्ध है । बेहतरीन चिकित्सा पद्धति के लिए प्रसिद्ध सवाई मानसिंह चिकित्सालय मे संपूर्ण देश के लोग अपने चिकित्सा उपचार हेतु जाते हैं, जहां पर उन्हें सस्ता और सुलभ उपचार मुहैया होता है । राजस्थान की आबादी एवं जयपुर राजस्थान की राजधानी होने के परिणामस्वरूप सवाई मानसिंह राजकीय चिकित्सालय को एम्स का दर्जा प्रदान किया जाना जनहित में अपेक्षित है ।

सभापति महोदया जी, मेरा आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से विशेष अनुरोध है कि जयपुर शहर की आबादी एवं सुलभ चिकित्सा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए, जयपुर स्थित सवाई मानसिंह राजकीय चिकित्सालय को एम्स का दर्जा प्रदान करने की कृपा करें ।

सभापति महोदया जी, आपने मुझे बोलने के लिए पहली बार मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।